Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 29-11-2006

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

an>

Title: Need to share the profit made by ONGC with the farmers whose land was acquired by the ONGC for oil and gas exploration in Mehsana, Gujarat.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) :महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाना में जिन लोगों की जमीन ओ.एन.जी.सी ने तेल एवं गैस निकालने के लिए अधिग्रहीत की है, वे मध्यम एवं छोटे किसान हैं जो अपने परिवार के लालन पालन हेतु इन्हीं जमीन पर आश्रित हैं और जमीन को कम राशि पर मुआवजा देकर उनकी जमीन ले जी जाती है और ओ.एन.जी.सी. इन जमीनों से करोड़ों रूपये का तेल एवं गैस निकलता है, परन्तु जिन लोगों की जमीन से तेल एवं गैस निकालता है, रोजगार के अभाव में उनके परिवार का जीवन नारकीय हो जाता है। ओ.एन.जी.सी एक कम्पनी है और उसके शेयर खरीदने एवं बेचने का विचार सरकार कर रही है। अतः मेरा सरकार से कहना है कि जिन लोगों की जमीन को लिया गया है उनको ओ.एन.जी.सी कम्पनी का शेयर होल्डर बनाना चाहिए जिससे गरीब किसान अपने परिवार का लालन-पालन कर सकें एवं ओर.एन.जी.सी के लाभ का कुछ अंश इन गरीब किसानों को मिल सके।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाये।